# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## राजस्थान के प्रमुख पुरस्कार 2025

## जनवरी से जून 2025

75 QUESTIONS

PART-4

परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रश्न (व्याख्या सहित)

GK Search Engine

# 🏅 राजस्थान के प्रमुख पुरस्कार 2025 (JAN- JUNE 2025)

75 QUESTIONS

**01. हाल ही में मिसेज इंडिया ग्लैम-2025 का पुरस्कार किसने जीता है?**
(A) प्रिया शर्मा
(B) प्रियंका वर्मा
(C) हेमलता शर्मा
(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts**
♦ राजस्थान पुलिस की महिला सब इंस्पेक्टर हेमलता शर्मा ने सौंदर्य प्रतियोगिता में मिसेज इंडिया ग्लैम-2025 का पुरस्कार जीता हैं।
♦ जयपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश भर से प्रतिभागियों ने भाग लिया। मिसेज इंडिया ग्लैम-2025 के फाइनल में 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया था
♦दिल्ली हाईवे स्थित एक रिसोर्ट में गुरुवार को मिस एंड मिसेज इंडिया सीजन 6 का आयोजन किया गया

**02. राजस्थान में किस जिले की पैरालंपिक शूटर मोना अग्रवाल को अर्जुन अवार्ड दिया जाएगा?**
(A) जैसलमेर
(B) जोधपुर
(C) सीकर
(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**
♦ राजस्थान की पैरालंपिक शूटर मोना अग्रवाल को अर्जुन अवार्ड दिया जाएगा.
♦02 जनवरी को खेल मंत्रालय ने मेजर ध्यानचंद खेलरत्न और अर्जुन अवार्ड पाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की.
जिसमें राजस्थान से मोना अग्रवाल का नाम शामिल हैं.
♦मोना अग्रवाल का संबंध राजस्थान के सीकर जिले से है
♦खेल मंत्रालय ने अर्जुन पुरस्कार के लिए 32 खिलाड़ियों को चुना हैं. इसमें 17 पैरा एथलीट भी शामिल हैं.
♦पेरिस पैरालंपिक में राजस्थान की बेटी मोना अग्रवाल ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम कर बड़ी उपलब्धि हासिल की थी

GK Search Engine

03. राजस्थान में किस जिले के चित्रकार महेश गुर्जर को फड़ कला और लोक देवताओं पर व्याख्यान देने के लिए रूस की यूनिवर्सिटी ने सम्मानित किया है?

(A) टोंक

(B) अलवर

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही

Important Facts:-

♦ टोंक के चित्रकार महेश गुर्जर को राजस्थान की फड़ कला और लोक देवताओं पर व्याख्यान देने के लिए रूस की सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजीज एंड डिज़ाइन ने पुरस्कृत प्रमाण पत्र से सम्मानित किया है।

♦सम्मेलन में व्याख्यान के लिए रूस की इस यूनिवर्सिटी ने भारत से एकमात्र चित्रकार महेश गुर्जर को गत दिसंबर में आमंत्रित किया था।

♦अब इन्हें पुरुस्कृत प्रमाण पत्र ऑनलाइन भेजकर सम्मानित किया है।

04. पं. झाबरमल्ल शर्मा स्मृति व्याख्यानमाला में राजस्थान पत्रिका की ओर से सृजनात्मक साहित्य पुरस्कारों के तहत कविता में पहला पुरस्कार किसे गया?

(A) कुलदीप सिंह भाटी

(B) अनुराधा गोयल

(C) उमा (जयपुर)

(D) इनमें से कोई नहीं

Important Facts:-

♦ सृजनात्मक साहित्य पुरस्कारों के तहत कहानी में पहला पुरस्कार जयपुर की उमा की कहानी 'सपना' और कविता में पहला पुरस्कार जोधपुर के कुलदीप सिंह भाटी की कविता 'पूर्णता की ओर' को दिया गया है

♦ पुरस्कार विजेताओं को पं. झाबरमल्ल शर्मा स्मृति व्याख्यानमाला समारोह में 4 जनवरी को सम्मानित किया गया

♦कहानी में दूसरा पुरस्कार रायपुर (छत्तीसगढ़) के संजय दुबे की कहानी 'अंतिम संस्कार' और कविता में दूसरा पुरस्कार मुरैना (मध्यप्रदेश) के अंकित शर्मा 'इषुप्रिय' को 'सावन के दोहे' के लिए दिया गया।

GK Search Engine

**05. राजस्थान में हिन्दी भाषा के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर जयपुर के किस व्यक्ति को राजभाषा अवॉर्ड से नवाजा गया है?**

(A) विकास शर्मा

(B) अजय प्रजापति

(C) जगदीश कुमार

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ हिन्दी भाषा के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर जयपुर के जगदीश कुमार को राजभाषा अवॉर्ड से नवाजा गया है

♦ जगदीश कुमार इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस के 2018 बैच के सीनियर स्केल ऑफिसर हैं

♦डॉ. जगदीश कुमार को राजभाषा हिंदी में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया।

**06. हाल ही में बीएसएफ में उप कमानडेंट पद पर कार्यरत किस जिले के रोहित चौधरी को चौथी बार डीजी प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया है?**

(A) बीकानेर

(B) अजमेर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts**

♦ राजस्थान के अजमेर जिले के मूल निवासी और वर्तमान में त्रिपुरा में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में उप कमानडेंट पद पर कार्यरत रोहित चौधरी को चौथी बार डायरेक्टर जनरल (डीजी) प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया है.

♦यह सम्मान रोहित चौधरी को राजस्थान में विधानसभा और लोकसभा चुनावों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए प्रदान किया गया है.

GK Search Engine

**07. राजस्थान में किसे प्रथम एल. पी. टेस्सीटोरी राजस्थानी सेवा सम्मान प्रदान किया जाएगा**

(A) विकास शर्मा
(B) रूमा देवी
(C) डॉ. मेघना शर्मा
(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ बीकानेर में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय की डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर व राजस्थानी विभाग की निवर्तमान प्रभारी डॉ. मेघना शर्मा को प्रथम एल. पी. टेस्सीटोरी राजस्थानी सेवा सम्मान दिए जाने की घोषणा हुई है।
♦यह सम्मान 9 जनवरी को डूंगर कॉलेज में आयोजित होने वाले विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम के तहत दिया जाना सुनिश्चित किया गया है
♦ टेस्सीटोरी इटली मूल के ऐसे विद्वान थे जिन्होंने गैर राजस्थानी होते हुए भी राजस्थानी भाषा के उन्नयन में उत्कृष्ट योगदान दिया

**08. जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में किस फिल्म निर्माता को आउटस्टैंडिंग लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा?**

(A) एस राजमौली
(B) डेविड धवन
(C) यश राज चोपड़ा
(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts**

♦ देश-दुनिया में पहचान रखने वाले जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (JIFF) ने इस साल के संस्करण में सिनेमा जगत के दो दिग्गजों को श्रद्धांजलि देने का निर्णय लिया है। ♦फेस्टिवल में 'किंग ऑफ रोमांस' कहे जाने वाले फिल्म निर्माता यश राज चोपड़ा को आउटस्टैंडिंग लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।
♦ वहीं, समानांतर सिनेमा के दिग्गज श्याम बेनेगल को उनकी अद्वितीय कृतियों के लिए विशेष श्रद्धांजलि दी जाएगी।
♦ यह फेस्टिवल 17 से 21 जनवरी 2025 तक जयपुर की पांच लोकेशन पर आयोजित होगा।

GK Search Engine

**09. हाल ही में राजस्थान में राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाने का पुरस्कार किस जिले के किशोरपुरा थाने को मिला है?**

(A) अजमेर
(B) बीकानेर
(C) कोटा
(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ थाने का पुरस्कार किशोरपुरा को मिला है। गृह मंत्रालय की टीम ने दो महीने यहां का सत्यापन किया था।
♦सत्यापन रिपोर्ट के अनुसार थाना क्षेत्र में साल 2024 में केवल 83 अपराध दर्ज हुए, जो पिछले साल से 40 फीसदी कम थे
♦ इसमें साफ सफाई, कैदियों और पुलिसकर्मियों के लिए दी जा रहीं सुविधाएं, क्राइम रेट, अपराध नियंत्रण की कार्रवाइयां व जनता से फीडबैक लिया था।
♦उन दिनों रामस्वरूप मीणा यहां सीआई थे।

**10. हाल ही में ब्लू पॉटरी के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया?**

(A) डॉ. लीला बोर्डिया
(B) विरेन्द्र शेखावत
(C) अजय कुमार चौधरी
(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦जयपुर की डॉ. लीला बोर्डिया को हाल ही में ऑल इंडिया पॉटरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन की और से कोलकाता में ब्लू पॉटरी के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।
♦1974 में पद्मश्री से सम्मानित हुए ब्लू पॉटरी के जनक पद्मश्री कृपाल सिंह शेखावत जयपुर की नील मृद्भांड (ब्लू पॉटरी) प्रसिद्ध है। इसमें परंपरागत हरे एवं नीले रंग का प्रयोग होता है।
♦यह कला अकबर के समय ईरान से लाहौर आई। इसके बाद जयपुर के महाराजा रामसिंह प्रथम लाहौर से इसे जयपुर लाए।

**11. देश भर में एक्जेम्प्लेरी परफारमेंस इन मिनरल ब्लॉक ऑक्शन का पहला पुरस्कार किस राज्य को प्रदान किया है?**

(A) हरियाणा

(B) राजस्थान

(C)  उत्तरप्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ राजस्थान के माइंस विभाग ने माइनिंग सेक्टर में राजस्थान का परचम पहरा दिया है।

♦राजस्थान के प्रमुख शासन सचिव माइंस टी. रविकान्त को ओडिशा के कोणार्क में केन्द्रीय खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने वर्ष 2023-24 में देश भर में एक्जेम्प्लेरी परफारमेंस इन मिनरल ब्लॉक ऑक्शन का पहला पुरस्कार प्रदान किया है।

♦ यह पुरस्कार ओडिशा के कोणार्क में आयोजित नेशनल माइनिंग मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस में दिया गया।

♦राज्य में वर्ष 2023-24 में देश भर में सर्वाधिक 31 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी की गई

**12  जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2025 में प्रतिष्ठित कन्हैया लाल सेठिया पुरस्कार किसे प्रदान किया जाएगा?**

(A) बद्री नारायण

(B) अनुराधा गोयल

(C) सवाई सिंह राजपुरोहित

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦  जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के 18वें संस्करण का आयोजन 30 जनवरी से 3 फरवरी तक होटल क्लार्क्स आमेर, जयपुर में होगा

♦जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का एक प्रमुख आकर्षण प्रतिष्ठित कन्हैया लाल सेठिया पुरस्कार इस बार हिंदी के प्रख्यात कवि बद्री नारायण को प्रदान किया जाएगा।

♦ कवि बद्री नारायण का कविता संग्रह तुमड़ी के शब्द 2022 में साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला हुआ

GK Search Engine

**19. राजस्थान में किस जिले की कलेक्टर टीना डाबी को महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा?**

(a) बीकानेर

(b) उदयपुर

(c) बाड़मेर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦राजस्थान के बाड़मेर जिले की जिला कलेक्टर और IAS अधिकारी टीना डाबी को 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा

♦राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे यह सम्मान प्रदान करेंगे। टीना डाबी को यह सम्मान बाड़मेर जिले में जेंडर रेशियो सुधार और महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया जा रहा है।

♦ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की दसवीं वर्षगांठ पर टीना डाबी ने दिल्ली में राजस्थान का प्रतिनिधित्व भी किया है।

**13. उदयपुर में होने वाले 76वे गणतंत्र दिवस राज्य स्तरीय समारोह में राजस्थान से किसे राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा?**

(A) सचिन मित्तल

(B) एस सेंगाथिर

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ उदयपुर के महाराणा भूपाल स्टेडियम में 76वे गणतंत्र दिवस राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा

♦ समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे द्वारा एडीजी एस सेंगाथिर व सचिन मित्तल को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा।

♦जबकि 15 अन्य अधिकारियों को पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा।

GK Search Engine

**14. गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राजस्थान की किस मांड गायिका को वर्ष 2025 के लिए पद्म श्री देने की घोषणा की गई?**
(A) मीरा देवी
(B) बतूल बेगम
(C) गवरी देवी
(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**
♦ गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या मांड गायिका बतूल बेगम को कला के क्षेत्र में पद्म श्री पुरस्कार देने की घोषणा की गई
♦बतूल बेगम हिंदू भजन और मांड गायन कर सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देती हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 2022 में उन्हें नारी शक्ति पुरस्कार से भी सम्मानित किया था।
♦गुलाबी नगरी जयपुर की मांड और भजन लोक गायिका बेगम बतूल कई वर्षों से भगवान राम, गणपति, कृष्ण, मीरा, कबीर आदि के भजन गाती आ रही हैं।
♦72 वर्षीय बेगम यूरोप के कई देशों, 2024 में ओलंपिक, अयोध्या में राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आदि में प्रस्तुति दे चुकीं हैं।

**15. राजस्थान में जोधपुर के शीन काफ निजाम को किस श्रेणी के लिए पद्मश्री सम्मान दिया जाएगा?**
(A) व्यापार व उद्योग
(B) कला
(C) साहित्य व शिक्षा
(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**
♦ उर्दू और हिंदी पर पकड़ रखने वाले जोधपुर के शीन काफ निजाम को साहित्य व शिक्षा की श्रेणी के लिए पद्मश्री सम्मान दिया जाएगा।
♦उर्दू साहित्य में अपनी विशेष पहचान बनाने वाले शीन काफ निजाम की कई पुस्तकें काफी लोकप्रिय रही हैं। जिनमें मुख्य रूप से लम्हों के सलीब, दश्त में दरिया, साया कोई लम्बा न था, नाद, लफ्ज के दर पर जैसी प्रमुख कृतियां शामिल हैं।
♦निजाम को इससे पहले 2010 में साहित्य अकादमी अवॉर्ड भी मिल चुका है। वर्ष 2023 को निजाम को दी उर्दू अकादमी की फैलोशिप भी दी गई।

GK Search Engine

**16. राजस्थान के किस जिले में स्थित श्री श्रद्धानाथ जी महाराज का आश्रम के पीठाधीश्वर और संचालक बैजनाथ महाराज को पद्मश्री पुरस्कार के लिए चुना गया है ?**

(A) बीकानेर
(B) सीकर
(C) अलवर
(D) इनमें से कोई नहीं

**Important Facts:-**

♦ राजस्थान के सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ तहसील में श्री श्रद्धानाथ जी महाराज का आश्रम है। बैजनाथ जी महाराज इस आश्रम के पीठाधीश्वर और संचालक हैं।

♦ 1960 से लेकर 1985 तक बैजनाथ महाराज ने ग्राम भारती विद्यापीठ कोठ्यारी में प्राचार्य के पद पर रहकर ग्रामीण अंचल में शिक्षा की अलख जगाई।

♦1985 में सेवानिवृत्त होने पर श्रद्धानाथ महाराज ने अधिकृत रूप से बैजनाथ को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। वैदिक शिक्षा की अलख जगाने के लिए श्रद्धा संस्कृत विद्यापीठ की स्थापना की, जिसके माध्यम से हजारों बच्चों को योग वैदिक शिक्षा दीक्षा देने के काम में जुटे हैं।

**17. राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) - 2025 में किसे प्राईड आफ राजस्थान अवार्ड दिया जाएगा?**

(A) करणवीर बोहरा
(B) सोनू निगम
(C) विकल्प मेहता
(D) इनमें से कोई नहीं

**Important Facts:-**

♦ राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (RIFF) 2025 का आयोजन 1 से 5 फरवरी तक जोधपुर के आईनॉक्स पीवीआर और ऐतिहासिक मेहरानगढ़ फोर्ट में किया जाएगा

♦ आयोजन - RIFF film club की ओर से

♦ थीम - panorama of cinema in Rajasthan

♦ रिफ का आयोजन तीसरी बार जोधपुर में होगा।

♦ RIFF में प्राईड आफ राजस्थान अवार्ड - करणवीर बोहरा (जोधपुर) को

GK Search Engine

18. राजस्थान में किस जिले की नीना छाब्बर को साहित्य श्री पुरस्कार 2024-25 प्रदान किया जाएगा?

(a) अजमेर

(b) बीकानेर

(c) जोधपुर

(d) इनमें से कोई नही

Important Facts:-

♦नीना छाब्बर (जोधपुर) को साहित्य श्री पुरस्कार 2024-25

♦ हिंदी लेखिका संघ.भोपाल के हुए 30वें वार्षिक सम्मेलन में वर्ष 2024-25 का 'साहित्यश्री' पुरस्कार डॉ. नीना छिब्बर के लघुकविता संग्रह 'एक टुकड़ा धूप' को देने की घोषणा की गई है।

♦पुरस्कार समारोह का आयोजन 23 फरवरी 2025 को भोपाल के हिंदी भवन में होगा। समारोह में डॉ. छिब्बर को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, शाल, नकद राशि और श्रीफल प्रदान किया जाएगा।

GK Search Engine

19. हाल ही में किसे राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?

(a) वीरेंद्र चौधरी

(b) अजय सारण

(c) खुशीराम चौधरी

(d) इनमें से कोई नही

Important Facts:-

♦ राजस्थान निवासी व केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 85 बटालियन में सिपाही खुशीराम चौधरी को राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

♦टोंक तहसील क्षेत्र के खलीलपुरा पापड़ा गांव निवासी खुशीराम अभी बीजापुरा छत्तीसगढ़ में तैनात है।

♦खुशीराम चौधरी ने दिसंबर 2021 में श्रीनगर में ऑपरेशन पंताचोक में रहते हुए कुख्यात जश-ए-मोहम्मद के 3 आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया था

**20. राजस्थान में सीकर से संबंधित किस IPS अधिकारी को ओडिशा में बेहतरीन पुलिसिंग के लिए राज्यपाल पदक प्रदान किया गया है।?**

(a) वीरेंद्र चौधरी

(b) मुकेश भामू

(c) राजेश चौधरी

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ सीकर जिले के निवासी भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी मुकेश भामू को ओडिशा में बेहतरीन पुलिसिंग के लिए राज्यपाल पदक प्रदान किया गया है।

♦आम चुनाव के दौरान सर्वोत्तम सुरक्षा प्रबंधन और चुनाव व्यय का प्रवर्तन करने इन्हें पुरस्कार प्रदान किया गया है। ♦गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी की उपस्थिति में राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति ने आईपीएस मुकेश भामू को राज्यपाल पदक प्रदान किया।

♦2013 बैच ओडिशा कैडर के आईपीएस अधिकारी भामू वर्तमान में संबलपुर एसपी हैं।

Gk Search Engine

**21. राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के 11वें संस्करण में किसे मरणोपरांत हसरत जयपुरी अवार्ड प्रदान किया जाएगा**

**(a) निदा फाजली**
**(b) विकास मीणा**
**(c) रंजन कपूर**
**(d) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:-**

**♦राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) के 11वें संस्करण में प्रख्यात गीतकार और शायर पद्मश्री निदा फाजली को मरणोपरांत हसरत जयपुरी अवार्ड फॉर कंट्रीब्यूशन ऑफ म्यूजिक इन सिनेमा से सम्मानित किया जाएगा.**
**♦5 फरवरी को मेहरानगढ़ में आयोजित रिफ अवार्ड नाइट में यह पुरस्कार दिया जाएगा**
**♦रिफ के संस्थापक सोमेन्द्र हर्ष ने बताया कि यह पुरस्कार हर वर्ष मशहूर गीतकार हसरत जयपुरी की याद में ऐसी फिल्मी हस्तियों को दिया जाता है, जिन्होंने संगीत और सिनेमा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है.**
**♦राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 का आयोजन एक से पांच फरवरी तक जोधपुर**

**22. हाल ही में 26 जनवरी को भोपाल में राजस्थान से किसे तुलसी पुरस्कार से नवाजा गया?**

**(A) दिनेश चन्द्र कुम्हार**
**(B) महेंद्र सिंह**
**(C) महेश प्रजापति**
**(D) इनमें से कोई नहीं**

**Important Facts:-**

**♦ राजसमंद के मोलेला के प्रसिद्ध टेराकोटा आर्टिस्ट दिनेश चन्द्र कुम्हार को 26 जनवरी को भोपाल में तुलसी पुरस्कार से नवाजा गया।**
**♦यह पुरस्कार मध्य प्रदेश सरकार द्वारा आदिवासी, पारंपरिक और लोक कलाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।**
**♦इसका नाम प्रसिद्ध भारतीय कवि और संत तुलसीदास के नाम पर रखा गया है, जिन्हें महाकाव्य 'रामचरितमानस' के रचयिता के रूप में जाना जाता है।**

GK Search Engine

**23. जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में 8वां 'श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल सम्मान किसे दिया गया?**

**(a) स्वानंद किरकिरे**

(b) सोनू निगम

(c) कैलाश खेर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) के दरबार हॉल में आज दैनिक भास्कर की ओर से 8वां 'श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल सम्मान' गीतकार और प्लेबैक सिंगर स्वानंद किरकिरे को दिया गया।

♦उन्हें सम्मान में 2 लाख रुपए नकद और प्रशस्ति पत्र दिया गया।

♦जेएलएफ के मंच से श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल सम्मान की शुरुआत 2016 में हुई थी।

♦हिंदी के लेखकों को प्रोत्साहन और बढ़ावा देने के उद्देश्य से दैनिक भास्कर हर साल जेएलएफ में 'श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल सम्मान' समारोह आयोजित करता है।

**24राजस्थान में किस जिले के कृषि विज्ञान केंद्र को बेस्ट केवीके अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा?**

(a) राजसमन्द

**(b) भीलवाड़ा**

(c) जोधपुर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦राजस्थान के महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के अधीन कृषि विज्ञान केंद्र, भीलवाड़ा को किसानों के बीच तकनीकी नवाचार और कृषि तकनीक के प्रभावी प्रसार के लिए बेस्ट केवीके अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

♦यह पुरस्कार एग्री मीट फाउंडेशन, भारत द्वारा आयोजित NUTRIENT-2025 अंतरराष्ट्रीय कृषि सम्मेलन के दौरान 20-21 फरवरी 2025 को पंजाब के संगरूर स्थित भाई गुरुदास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में दिया जाएगा।

GK Search Engine

25. तमिलनाडु में आयोजित भारत स्काउट गाइड की डायमंड जुबली जम्बूरी में राजस्थान ने कौन सा स्थान प्राप्त किया है?

(a) तीसरा

(b) पहला

(c) दूसरा

(d) इनमें से कोई नही

Important Facts:-

♦भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में डायमंड जुबली जम्बूरी त्रिची तमिलनाडु में आयोजित की गई।

♦इस जम्बूरी में राजस्थान प्रदेश से 1012 स्काउट गाइड एवं अन्य ने सहभागिता कर विभिन्न प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से जंबूरी की सर्वोच्च शील्ड अपने नाम करते हुए एक बार फिर राजस्थान का परचम फहराया।

♦राजस्थान के दल ने डायमंड जुबली जंबूरी में नेशनल कमिश्नर स्काउट शील्ड, नेशनल कमिश्नर गाइड शील्ड एवं ओवरऑल प्रदर्शन में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए चीफ नेशनल कमिश्नर अवार्ड एवं फ्लैग का सम्मान प्राप्त किया।

26. हाल ही में कृषि शिक्षा में योगदान के लिए राजस्थान से किसे बिहार में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया?

(A) डॉ अरुण कुमार

(B) डॉ राजेश यादव

(C) डॉ सुनील कुमार

(D) इनमें से कोई नही

Important Facts:-

♦ कृषि शिक्षा में योगदान के लिए स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरुण कुमार को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

♦पिछले 27 वर्षों में विभिन्न पदों पर रहते हुए कृषि के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान एवं विद्यार्थियों सहित कृषक हित में किए गए नवाचारों के लिए कुलपति डॉ कुमार को यह विशिष्ट पुरस्कार दिया गया।

♦केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने बिहार में कृषि विज्ञान केंद्र , मधुबनी की ओर से 7 से 9 फरवरी तीन दिवसीय कान्फ्रेंस में डॉ कुमार को यह सम्मान प्रदान किया

GK Search Engine

**27. हाल ही में राजस्थान पर्यटन को कहां पर 'बेस्ट क्रिएटिव फिल्म अवार्ड' से सम्मानित किया गया है?**

(A) नई दिल्ली

(B) मुंबई

(C) भोपाल

(D) इनमें से कोई नहीं

**Important Facts:-**

♦ राजस्थान पर्यटन को मुंबई में आयोजित आउटबाउंड ट्रैवल मार्ट (ओटीएम) 2025 में 'बेस्ट क्रिएटिव फिल्म अवार्ड' से सम्मानित किया गया है।

♦यह पुरस्कार राजस्थान पर्यटन की रचनात्मक फिल्म 'रोमांस ऑफ राजस्थान' को दिया गया, जो राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन संभावनाओं को दर्शाती है।

♦यह अवार्ड राजस्थान पर्यटन के संयुक्त निदेशक श्री दलीप सिंह राठौड़ और संयुक्त निदेशक सीमा यादव द्वारा प्राप्त किया गया

**28. हाल ही में किस राजस्थानी फिल्म ने रिफ 2025 में राजस्थानी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता है?**

(a) म्हारी बींदनी

(b) म्हारो बदलो

(c) प्लॉट नंबर 302

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ पांच दिवसीय राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन जोधपुर में हुआ। समारोह में राजस्थानी फीचर फिल्म 'म्हारी बींदनी' के लिए लेखक-निर्देशक धर्मेंद्र उपाध्याय को श्रेष्ठ
निर्देशक का अवॉर्ड दिया गया।

♦फिल्म में शिक्षा के जरिये सामाजिक भेदभाव मिटाने की बात नजर आती है। वहीं, फिल्म 'प्लॉट नंबर 302' ने राजस्थानी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता।

♦राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) - 2025
आयोजन तिथि 1से 5फरवरी 2025

- संस्करण - 11वां
- आयोजन - RIFF Film Club की ओर से

GK Search Engine

**29. हाल ही में मरु महोत्सव में  मिस मूमल 2025 का खिताब किसने जीता है?**

(A) चेतना बिश्नोई

(B) भावना शर्मा

(C) कोमल सिद्ध

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

➥मरू महोत्सव 2025 में बीकानेर की कोमल सिद्ध को मिस मूमल का खिताब दिया गया.

➥इस दौरान जैसलमेर के धीरज पुरोहित को मिस्टर डेजर्ट (मरुश्री)- 2025 खिताब के लिए चयन हुआ.

➥मरू महोत्सव में अपनी रोबदार मूंछों के बल बूते नर सिंह चौहान ने मूंछ श्री 2025 का खिताब अपने नाम किया.

➥पर्यटन नगरी जैसलमेर में अंतरराष्ट्रीय मरु महोत्सव का आयोजन 9-12 फरवरी तक किया जा रहा है

**30. राजस्थान में जैसलमेर में अंतरराष्ट्रीय मरु महोत्सव  में वर्ष 2025 के मिस पोकरण का टाइटल किसने जीता है?**

(a) अभिलाषा चौधरी

(b) विशाखा शर्मा

(c) राज श्री वर्मा

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

➥ जैसलमेर में अंतरराष्ट्रीय मरु महोत्सव  में वर्ष 2025 के

➥ राजस्थान में सीकर जिले की अभिलाषा चौधरी ने मिस पोकरण का टाइटल जीता है

➥ उल्लेखनीय है कि सीकर की इस अभिलाषा चौधरी को राजस्थान सरकार द्वारा अमृतादेवी अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है

➥ मिस्टर पोकरण: गोपाल सिंह

GK Search Engine

**31. राजस्थान में किस जिले के प्रसिद्ध कवि लक्ष्मणदान कविया को कवि काग पुरस्कार मिला है?**

(a) अजमेर
(b) नागौर
(c) बीकानेर
(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ राजस्थान में नागौर जिले के कवि लक्ष्मणदान कविया को कवि काग पुरस्कार मिला है
♦ लक्ष्मण दान देश के ऐसे पहले कई है जिनके सात सतसई प्रकाशित हुए।
♦लक्ष्मणदान 33 साल से राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाने के लिए कर रहे हैं संघर्ष, मोट्यार परिषद का गठन किया ♦राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता दिलाने के आंदोलन में प्रमुख स्थान पर कार्यरत हैं।

**32. हाल ही में राजस्थान से किसे प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया?**

(a) अजय कुमार
(b) डॉ. रामनिवास
(c) प्रो. अजय शर्मा
(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने10 जनवरी, 2025 को भुवनेश्वर में 27 लोगों को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार 2025 प्रदान किए
♦म्यांमार के प्रवासी राजस्थानी डॉ. रामनिवास को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान 2025 से सम्मानित किया।
♦डॉ. रामनिवास ने राजस्थान में अपनी शिक्षा प्राप्त की और वर्तमान में म्यांमार में भिक्षुओं को भारत की प्राचीन भाषा संस्कृत पढ़ा रहे हैं।
♦यह सम्मान भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में दिया गया।

GK Search Engine

**33. अजमेर डेयरी के अध्यक्ष कौन है, जिनको डेयरी में सर्वोच्च सम्मान इंडियन डेयरी एसोसिएशन द्वारा आईडीए फेलोशिप अवॉर्ड से नवाजा जाएगा?**

(a) शंकर लाल शर्मा
(b) विकास बिश्नोई
(c) रामचंद्र चौधरी
(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी राजस्थान में पहले व्यक्ति है, जिन्होंने इंडियन डेयरी एसोसिएशन द्वारा यह राष्ट्रीय स्तर का अवॉर्ड दिया जा रहा है।
♦अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी द्वारा अपने जीवन में डेयरी एवं पशुपालकों के उत्थान हेतु किये गये कार्य को मद्देनजर रखते हुए उन्हें इंडियन डेयरी एसोसिएशन द्वारा आईडीए फेलोशिप अवॉर्ड से नवाजा गया है।
♦यह अवार्ड 6 से 8 मार्च को पटना में आयोजित होने जा रही IDA Dairy Conference के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री बिहार नितिश कुमार द्वारा दिया जायेगा। यह डेयरी में सर्वोच्च सम्मान है।

**34. हाल ही में राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय की ओर से राजस्थान के किस जिले में क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा?**

(A) उदयपुर
(B) जोधपुर
(C) जयपुर
(D) इनमें से कोई नही

**Important fact**

♦राजधानी जयपुर में राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय की ओर से 17फरवरी से जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केन्द्र (जेईसीसी) सीतापुरा सांगानेर जयपुर में पश्चिम क्षेत्रों का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है।
♦यह वर्ष 2024-25 का दूसरा आयोजन है। इससे पहले 4 जनवरी 2025 को मैसूरु, कर्नाटक में इस वर्ष का पहला क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया था।
♦राजस्थान के मुख्यमंत्री के कर-कमलों से इन क्षेत्रों में स्थित विभिन्न कार्यालयों, बैंकों एवं उपक्रमों को विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

GK Search Engine

**35. राजस्थान में किस जिले के एक्टर संजय सरदाना को दादा साहब फाल्के सेवा रत्न अवॉर्ड-2025 प्रदान किया गया?**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ दादा साहब फाल्के सेवा रत्न अवॉर्ड-2025 राजस्थान में जयपुर के एक्टर संजय सरदाना को प्रदान किया गया ?

♦ये बॉलीवुड की कई बड़ी फिल्मों में काम कर चुके हैं। इनमें एक्टर कमल हसन की 'इंडियन-2', शाहिद कपूर की 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' फिल्में प्रमुख हैं।

♦उन्हें फिल्म्स और सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए यह सम्मान दिया गया है

**36. हाल ही में राजस्थान में किसे पंडित मुखराम सिखवाल स्मृति राजस्थानी पुरस्कार से नवाजा गया?**

(A) लक्ष्मणदान कविया

(B) विजय कुमार मल्होत्रा

(C) डॉ गौरीशंकर प्रजापत

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦राजस्थानी भाषा के मर्मज्ञ कवि डॉ गौरीशंकर प्रजापत को पंडित मुखराम सिखवाल स्मृति राजस्थानी पुरस्कार से नवाजा गया है.

♦ यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर मरूभूमि शोध संस्थान ने प्रदान किया है.

♦इस दौरान कवि लक्ष्मणदान कविया को महाराणा प्रताप राजस्थानी साहित्य सृजन पुरस्कार

GK Search Engine

**37. राजस्थान में पशु कल्याण में उत्कृष्ट योगदान हेतु किसे प्राणी मित्र पुरस्कार 2025 प्रदान किया गया है?**
(A) अनिल कुमार बिश्नोई
(B) विजय कुमार मल्होत्रा
(C) हरनारायण सोनी
(D) इनमें से कोई नहीं

**Important Facts**
♦प्राणी मित्र पुरस्कार 2025 – पशु कल्याण में उत्कृष्ट योगदान का सम्मान हरनारायण सोनी को मिला
♦जीवन पर्यंत पशु सेवा हेतु व्यक्तिगत रूप से हरनारायण सोनी को प्रदान किया गया
♦हरनारायण सोनी का संबंध ओसियां, जोधपुर से है

**38. हाल ही में पीपल एंड नेचर सर्विसेज टू वाइल्डलाइफ अवार्ड से सम्मानित किया गया है?**
(A) डॉ. अजय शर्मा
(B) डॉ. अजय मल्होत्रा
(C) डॉ. कमलेश शर्मा
(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**
♦ बाघ संरक्षण क्षेत्र में कार्यरत रणथंभौर की विश्व प्रसिद्ध संस्था टाइगर वॉच की ओर से वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रतिवर्ष दिए जाने वाले प्रतिष्ठित श्री फतेहसिंह राठौड़ स्मृति वन्यजीव संरक्षण पुरस्कारों के तहत पुलिस मुख्यालय में कार्यरत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर व लेखक डॉ. कमलेश शर्मा को पीपल एंड नेचर सर्विसेज टू वाइल्डलाइफ अवार्ड से सम्मानित किया गया है।
♦बांसवाड़ा जिले के बड़ोदिया कस्बे के मूल निवासी डॉ. कमलेश शर्मा को यह अवार्ड उनके पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में दीर्घकालिक समर्पण व स्वस्फूर्त प्रयासों के लिए दिया गया।

GK Search Engine

**39. राजस्थान में किसे पोकरमल राजरानी गोयल स्मृति राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार की घोषणा की गई है?**
(A) डॉ. सवाई सिंह गहलोत
(B) डॉ. विश्वास मेहता
(C) डॉ. कप्तान बोरावड़
(D) इनमें से कोई नहीं

**Important Facts**
♦राजस्थानी युवा कथाकार डॉ. कप्तान बोरावड़ को उनके कथा संग्रह 'आंगणै री आस' के लिए मुक्ति संस्था द्वारा चौथे पोकरमल राजरानी गोयल स्मृति राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार की घोषणा की गई है।
♦इस राज्य स्तरीय साहित्यिक पुरस्कार के अंतर्गत डॉ. कप्तान बोरावड़ को 11 हजार रुपए, शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा

**40. हाल ही में किसे वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया है?**
(A) अनुप्रिया पटेल
(B) रेखा गुप्ता
(C) दीया कुमारी
(D) इनमें से कोई नहीं

**Important Facts:-**
♦ पेसिफिक एशिया ट्रेवल राइटर्स एसोसिएशन ने राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए सराहनीय कार्यों के लिए उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी को वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया है।
♦उन्हें यह सम्मान आईटीबी बर्लिन जर्मनी में सेशेल्स के पूर्व पर्यटन मंत्री डॉ. एलन सेंटएन्ज द्वारा दिया गया।
♦पेसिफिक एरिया ट्रेवल राइटर्स संगठन (पटवा) ने राजस्थान को यह सम्मान प्रदान किया है।

SK Search Engine

41. राजस्थान में किस जिले की एंजिला स्वामी ने मिसेज यूनिवर्स-2025 का खिताब जीता है?

(a) अलवर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) इनमें से कोई नही

Important Facts:-

♦ राजस्थान में बीकानेर की बेटी एंजिला स्वामी ने मिसेज यूनिवर्स-2025 का खिताब जीता है।

♦यह प्रतियोगिता 24-28 फरवरी के बीच थाइलैंड की राजधानी पटाया में आयोजित हुई थी। जहां दुनिया भर की श्रेष्ठ महिलाओं ने भाग लिया था।

♦इससे पहले भी एंजिला ने राष्ट्रीय स्तर पर मिसेज इंडिया ऑरा ग्लोबल का खिताब जीता था

42. राजस्थान से किसे होम्योपैथिक पुरोधा सम्मान-2025 प्रदान किया गया है?

(a) डॉ. विनय कुमार

(b) डॉ. रावत चौधरी

(c) डॉ. राजेश यादव

(d) इनमें से कोई नही

Important Facts:-

♦ दिल्ली में बनेंट होम्योपैथी की ओर से आयोजित होम्योपेथिक कॉन्फ्रेंस में जोधपुर के वरिष्ठ होम्योपेथिक चिकित्सक डॉ.रावत चौधरी को होम्योपैथिक चिकित्सा में उनके योगदान के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व डॉ. नीतीश दूबे ने 'होम्योपैथिक पुरोधा सम्मान-2025' दिया।

♦डॉ. चौधरी आज पूरे देश में असाध्य रोगों की होम्योपेथिक चिकित्सा के लिए जाने जाते है।

GK Search Engine

**43. केंद्र सरकार की ओर से दिल्ली के विज्ञान भवन में सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत राजस्थान की किस महिला सरपंच को सम्मानित किया गया?**

(a) रूमा देवी
(b) सविता राठी
(c) नीरू यादव
(d) इनमें से कोई नही

Important Facts:-

♦केंद्र सरकार की ओर से दिल्ली के विज्ञान भवन में सशक्त पंचायत नेत्री अभियान आयोजित हुआ.
♦इस राष्ट्रीय स्तरीय समारोह में पंचायत में नवाचार करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया है
♦अभियान में राजस्थान की गोपालपुरा (चूरू) ग्राम पंचायत की सरपंच सविता राठी को सम्मानित किया।
♦ सविता राठी राजस्थान की एकमात्र महिला सरपंच हैं, जिन्हें पंचायत में बेहतरीन कार्य के लिए यह सम्मान मिला।

**44. हाल ही में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम को नई दिल्ली में कितनी श्रेणियों में रनर अप पुरस्कार दिए गए**

(A) 03
(B) 02
(C) 05
(D) इनमें से कोई नही

Important Facts:-

♦राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम को एसोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग, नई दिल्ली द्वारा विभिन्न 3 श्रेणियों में रनर अप पुरस्कार दिए गए।
♦08 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित हुए पुरस्कार समारोह में नेशनल पब्लिक बस ट्रांसपोर्ट अवार्ड श्रेणी में राजस्थान रोडवेज को रोड सेफ्टी, नॉन ट्रैफिक रिवेन्यू एवं एम्पलाई प्रोडक्टिविटी अवार्ड (ग्रामीण) श्रेणी में रनर अप का पुरस्कार दिया गया
♦इन पुरस्कारों को निगम की ओर से कार्यकारी निदेशक प्रशासन श्री चांदमल वर्मा एवं कार्यकारी निदेशक अभियांत्रिकी श्री रवि सोनी ने ग्रहण किया

GK Search Engine

**45. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंटरनेशनल क्लब द्वारा आयोजित समारोह में राजस्थान की किस महिला को सम्मानित किया गया?**

(A) दिया कुमारी

(B) ममता भूपेश

(C) रूमा देवी

(D) इनमें से कोई नही

Important Facts:-

♦महिला सशक्तीकरण की प्रतीक राजस्थान की सामाजिक कार्यकर्ता व राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित रूमा देवी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के खास मौके पर जयपुर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

♦यह सम्मान बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने रोटरी इंटरनेशनल क्लब द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया।

♦ रूमा देवी को राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, किशनगढ़ में 'सोशल इम्पैक्ट अवॉर्ड' से भी नवाजा गया

**46. राजस्थान के किस सांसद को सांसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया?**

(a) हनुमान बेनीवाल

(b) गजेन्द्र सिंह शेखावत

(c) मन्नालाल रावत

(d) इनमें से कोई नही

Important Facts:-

♦ नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब के स्पीकर हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत को सांसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

♦मन्नालाल रावत उदयपुर , राजस्थान से एक भारतीय राजनीतिज्ञ , शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

♦उन्हें 2024 में उदयपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद के रूप में चुना गया था। वे भारतीय जनता पार्टी के सदस्य हैं

GK Search Engine

**47. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ योजना में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर किसे सम्मानित किया गया?**

(A) महेंद्र सिंह

(B) टीना डाबी

(C) मुकुल शर्मा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा को जिले में बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ योजना में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

♦बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" योजना, जिसे 22 जनवरी 2015 को भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था

♦इसका उद्देश्य बालिकाओं के प्रति लैंगिक भेदभाव को कम करना और बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है

**48. राजस्थान के कितने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र' के लिए चुना गया है?**

(a) 99

(b) 45

(c) 31

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ राजस्थान के 99 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र' के लिए चुना गया है।

♦पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने 17 मार्च को इस संबंध में चयनित 99 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची जारी की।

GK Search Engine

**49. राजस्थान में कृषक उपहार योजना के तहत राज्य स्तरीय ऑनलाइन लॉटरी में किस जिले के किसान गोलू को प्रथम पुरस्कार मिला है**

(A) हनुमानगढ़

(B) बीकानेर

(C) कोटा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ राजस्थान में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के शासन सचिव राजन विशाल की अध्यक्षता में 12 मई को पंत कृषि भवन में कृषक उपहार योजना के तहत कृषि विपणन विभाग द्वारा राज किसान पोर्टल पर राज्य स्तरीय ऑनलाइन लॉटरी निकाली गई।

♦योजना के तहत कृषि उपज मण्डी कोटा से जुड़े किसान गोलू के दाे लाख 50 हजार रूपये का प्रथम पुरस्कार,

♦योजना में विजेता किसान को पुरस्कार राशि का भुगतान सम्बन्धित मण्डी समिति से किया जाता है

**50. राजस्थान से किसे राष्ट्रीय युवा पुरस्कार, 2025 के लिए चुना गया था?**

(A) डॉ. राजेश यादव

(B) डॉ. अनिल कुमार

(C) डॉ. महेंद्र मीना

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ राजस्थान में जयपुर के डॉ. महेंद्र मीना को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार, 2025 के लिए चुना गया -

♦जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ महेंद्र मीना को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है।

♦उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार नई दिल्ली स्थित नवनिर्मित भारतीय संसद भवन में भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद 2025 समारोह में प्रदान किया गया

GK Search Engine

**51. हाल ही में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय द्वारा किसे कला संकाय में मानद उपाधि विद्या वाचस्पति पीएचडी प्रदान की जाएगी?**

(A) रेखा गुप्ता
(B) विनय कुमार
(C) अरुण योगीराज
(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की स्थापना के पश्चात प्रथम बार विश्वविद्यालय द्वारा मानद उपाधि दिए जाने के निर्णय के क्रम में विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले विशेष समारोह में प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज को विश्वविद्यालय कुलाधिपति एवं राज्यपाल राजस्थान हरिभाऊ बागडे द्वारा कला संकाय में मानद उपाधि विद्या वाचस्पति पीएचडी प्रदान की जाएगी.

♦योगीराज को देश-विदेश की अनेक संस्थाओं ने कला के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए योगदान के लिए सम्मानित किया है.

**52. सिविल सेवा दिवस के अवसर पर पहली बार "राजस्थान संपर्क पुरस्कार से कितने IAS अधिकारियों को सम्मानित किया गया?**

(a) 09
(b) 24
(c) 13
(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ सिविल सेवा दिवस (21 अप्रैल) पर पहली बार "राजस्थान संपर्क पुरस्कार" की शुरुआत की गई है

♦जन शिकायतों के समयबद्ध समाधान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 आईएएस अफसर सम्मानित हुए

♦मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राजस्थान सम्पर्क पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

GK Search Engine

**53. राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) की पुरस्कार समिति द्वारा वर्ष 2024-25 के पुरुष वर्ग के लिए हनुमंत सिंह अवॉर्ड (सीनियर वर्ग) में किसे चुना गया है?**

(a) पंकज सिंह
(b) दीपक चाहर
(c) महिपाल लोमरोर
(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) ने वर्ष 2024-25 के पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए 25 मार्च, 2025 को कई अवॉर्ड प्रदान किए गए।

♦इसमें पुरुष पूर्व महिला वर्ग के अलग-अलग वर्ग के राष्ट्रीय टुर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अवार्ड दिया है।

♦हनुमंत सिंह अवॉर्ड (सीनियर वर्ग) पुरूष वर्ग:- महिपाल लोमरोर व महिला वर्ग:- सुमन मीणा

♦ प्रशस्ति-पत्र व ₹51 हजार की पुरस्कार राशि

**54. जोधपुर में आयोजित हुए सम्मान समारोह में 13वें गुलाब खां अचीवमेंट अवार्ड से किसे नवाजा गया है?**

(a) रूप कुमार राठौड़
(b) मामे खान
(c) सोनू निगम
(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦जोधपुर में आयोजित हुए 13वें उस्ताद गुलाब खां सम्मान समारोह में रूप कुमार राठौड़ को सम्मानित किया गया.

♦स्वर सुधा व मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट की संयुक्त मेजबानी में जोधपुर के मेहरानगढ़ में मंगलवार रात को 13वां उस्ताद गुलाब खां अचीवमेंट अवार्ड समारोह में पार्श्व गायक रूप कुमार राठौड़ को दिया गया.

♦इस अवार्ड में 1 लाख नकद राशि, शा ॅल, श्रीफल, ट्रा ॅफी, प्रशस्ति-पत्र भेंट किया और जोधपुरी साफा पहनाया गया

♦सारंगी वादक उस्ताद गुलाब खां की याद में उस्ताद गुलाब खां अचीवमेंट अवार्ड की शुरुआत 2011 में की थी

GK Search Engine

**55. राजस्थान में पहली बार इस वर्ष कितने पुलिस अधिकारियों को मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा?**

(A) 14
(B) 24
(C) 40
(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ राजस्थान पुलिस के अधिकारियों-कर्मचारियों को उनकी सराहनीय सेवाओं एवं विशेष योगदान के लिए मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा।
♦ गृह विभाग की ओर से इस संबंध में राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर यह पदक दिए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।
♦वर्ष 2025 से राजस्थान में प्रथम बार मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक दिए जाने की शुरूआत हो रही है।इस वर्ष 40 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा

**56. मारवाड़ रत्न पुरस्कार' के 2025 के अंतर्गत किसे पद्मश्री कोमल कोठारी सम्मान प्रदान किया जाएगा?**

(A) फतेसिंह
(B) स्व. जॉन सिंह
(C) उपर्युक्त दोनों
(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित 'मारवाड़ रत्न पुरस्कार' के 2025 के विजेताओं की घोषणा कर दी गई है.
♦इस वर्ष 18 श्रेणियों में विभूतियों को यह पुरस्कार 12 मई को जोधपुर स्थापना दिवस के अवसर दिया जाएगा.
♦पद्मश्री कोमल कोठारी सम्मान– फतेसिंह व स्व. जॉन सिंह (राजस्थानी लोक व जातीय संगीत में योगदान के लिए)

GK Search Engine

**57. मारवाड़ रत्न पुरस्कार' के 2025 के अंतर्गत किसे चिरंजीव युवराज शिवराजसिंह सम्मान प्रदान किया जाएगा?**

**(A) अवनि लेखरा**

**(B) अपूर्वी चंदेला**

**(C) संदीप भुटोरिया**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:-**

**♦ मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित 'मारवाड़ रत्न पुरस्कार' के 2025 के विजेताओं की घोषणा कर दी गई है.**

**♦इस वर्ष 18 श्रेणियों में विभूतियों को यह पुरस्कार 12 मई को जोधपुर स्थापना दिवस के अवसर दिया जाएगा.**

**♦चिरंजीव युवराज शिवराजसिंह सम्मान –अवनि लेखरा (पैरा ओलंपिक राइफल शूटर, दो स्वर्ण पदक विजेता)**

**58. जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा किसे विद्या वाचस्पति (डीलिट) की उपाधि से विभूषित किया गया?**

**(A) अवधेशानन्द गिरि महाराज**

**(B) रामानन्द आचार्य जी**

**(C) अनिरूद्ध आचार्य जी महाराज**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:-**

**♦जूनापीठाधीश्वर आचार्य स्वामी अवधेशानन्द गिरि महाराज को जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर के सप्तम दीक्षान्त समारोह में विद्यावाचस्पति (डीलिट) की उपाधि से विभूषित किया गया.**

**♦जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में संपन्न हुए गरिमामय समारोह में स्वामी को राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने विशिष्ट अभिनन्दन पत्र के साथ विद्यावाचस्पति की मानद उपाधि प्रदान की.**

**♦यह सम्मान उन्हें संस्कृत भाषा, भारतीय दर्शन, सनातन धर्म और गुरु-शिष्य परम्परा के संरक्षण एवं प्रसार में उनके अद्वितीय योगदान के लिए प्रदान किया गया.**

GK Search Engine

**59. हाल ही में राजस्थान में 'मारवाड़ रत्न पुरस्कार' 2025 के तहत महाराजा विजयसिंह सम्मान किसे प्रदान किया जाएगा?**

(A) बतूल बेगम

(B) मामे खान

(C) रूमा देवी

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित 'मारवाड़ रत्न पुरस्कार' के 2025 के विजेताओं की घोषणा कर दी गई है.

♦इस वर्ष 18 श्रेणियों में विभूतियों को यह पुरस्कार 12 मई को जोधपुर स्थापना दिवस के अवसर दिया जाएगा

♦महाराजा विजयसिंह सम्मान– पद्मश्री बतूल बेगम (राजस्थानी लोक संगीत में योगदान के लिए)

**60. लोक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में राज्य में राइजिंग राजस्थान" कार्यक्रम का सफल आयोजन करने के लिए किसे मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 से नवाजा गया?**

(A) प्रफुल्ल कुमार

(B) अजिताभ शर्मा

(C) टीना डाबी

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ लोक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर के हरीश चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में 21 अप्रैल को लोक सेवा दिवस-2025 समारोह का आयोजन किया गया। ♦समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोक सेवकों को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 व राजस्थान संपर्क पोर्टल पुरस्कार से सम्मानित किया।

♦कार्यक्रम में उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा को दिसंबर 2024 में "राईजिंग राजस्थान" कार्यक्रम का सफल आयोजन करने के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 दिया गया

GK Search Engine

**61. जोधपुर के शीन काफ निजाम को पद्मश्री शीन काफ निजाम को 28 अप्रैल को किसके द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया?**

**(A) द्रौपदी मूर्मू**
(B) नरेंद्र मोदी
(C) ओम बिरला
(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ जोधपुर के शीन काफ निजाम को पद्मश्री शीन काफ निजाम को 28 अप्रैल को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
♦ गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर इस वर्ष उनकी पद्मश्री के लिए घोषणा हुई थी।
♦2025 में, राजस्थान से तीन लोगों को पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है: बैजनाथ महाराज, बेगम बतूल और शीन काफ निजाम।

**62. हाल ही में प्रयास संस्थान द्वारा राजस्थानी भाषा के लिए दिया जाने वाला दुर्गेश युवा पुरस्कार 2025 किसे मिलेगा?**

**(A) जेठानंद पंवार**
(B) सुंदर शर्मा
(C) सवाई सिंह गहलोत
(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦प्रयास संस्थान द्वारा राजस्थानी भाषा के 35 वर्ष से कम उम्र के साहित्यकारों को दिया जाने वाला वार्षिक दुर्गेश युवा पुरस्कार 2025 के लिए बाड़मेर के युवा कवि जेठानंद पंवार को दिया जाएगा।
♦संस्थान के अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण ने बताया कि 23 अगस्त 2001 में बाड़मेर के गांव झाक में जन्मे जेठानंद को उनकी काव्यकृति 'थं जाग मिनख' के लिए यह पुरस्कार दिया जाएगा।
♦ युवा कवि पंवार को चूरू में प्रस्तावित समारोह में सम्मानित किया जाएगा।
♦उल्लेखनीय है कि चूरू के दिवंगत साहित्यकार दुर्गेश की स्मृति में संस्थान द्वारा 2016 से शुरू हुआ था

GK Search Engine

63. जोधपुर के शीन काफ निजाम को पद्मश्री शीन काफ निजाम को 28 अप्रैल को किसके द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया?
(A) द्रौपदी मूर्मू
(B) नरेंद्र मोदी
(C) ओम बिरला
(D) इनमें से कोई नही

Important Facts:-
♦ जोधपुर के शीन काफ निजाम को पद्मश्री शीन काफ निजाम को 28 अप्रैल को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
♦ गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर इस वर्ष उनकी पद्मश्री के लिए घोषणा हुई थी।
♦2025 में, राजस्थान से तीन लोगों को पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है: बैजनाथ महाराज, बेगम बतूल और शीन काफ निजाम।

64. राजस्थान में ई-औषधि, ई-उपकरण सॉफ्टवेयर और तकनीकी नवाचारों के लिए किसे एलिट्स स्मार्ट गवर्नेंस एक्सीलेंस अवार्ड 2025 मिला?
(A) RMSCL
(B) IIT जोधपुर
(C) SMS
(D) इनमें से कोई नही

Important Facts:-
♦ RMSCL को स्मार्ट गवर्नेंस अवार्ड
♦राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RMSCL) को एलिट्स स्मार्ट गवर्नेंस एक्सीलेंस अवार्ड 2025 मिला।
♦यह पुरस्कार ई-औषधि, ई-उपकरण सॉफ्टवेयर और तकनीकी नवाचारों के लिए दिया गया।

GK Search Engine

**65. हाल ही में राजस्थान के किस सांसद को संसद रत्न पुरस्कार 2025 दिए जाने की घोषणा की गई है?**

(A) पीपी चौधरी

(B) मदन राठौड़

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ तथा पाली सांसद पीपी चौधरी को संसद रत्न पुरस्कार मिलने जा रहा है। प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन की ओर से संसद रत्न पुरस्कार 2025 की घोषणा की गई है।

♦इनके साथ ही देश के कुल 17 सांसदों और संसद की दो स्थाई समितियों के सदस्यों को यह पुरस्कार दिया जाएगा।

♦इन सांसदों का चयन संसद में इनकी मौजूदगी, पूछे गए सवालों और डिबेट में इनकी भागीदारी के आधार पर किया गया है।

**66. ऑपरेशन सिंदूर में पुलिस और सेना के मध्य बेहतरीन तालमेल बिठाने के कारण किस जिले के SP सुधीर चौधरी को सेना प्रमुख से सम्मान मिला?**

(a) जैसलमेर

(b) बीकानेर

(c) श्रीगंगानगर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ जैसलमेर के SP श्री सुधीर चौधरी को सेना प्रमुख से मिला सम्मान

♦ ऑपरेशन सिंदूर में पुलिस और सेना के मध्य बेहतरीन तालमेल बिठाने के कारण उन्हें यह सम्मान मिला।

♦राष्ट्रीय सुरक्षा की एक महत्वपूर्ण परिस्थिति के दौरान नागरिक-सैन्य तालमेल की एक महत्वपूर्ण मान्यता में, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनके अनुकरणीय प्रबंधन और समन्वय के लिए जैसलमेर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुधीर चौधरी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया

GK Search Engine

**67. राजस्थान के उदयपुर में आयोजित मिसेज इंडिया दिवा 2025 के ग्रैंड फिनाले में खिताब किसने जीता है?**

**(A) प्रियंका संदूरी**

**(B) भावना शर्मा**

**(C) रेखा श्रीवास्तव**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important fact**

♦ लंदन में रहने वाली प्रियंका संदूरी ने हाल ही में राजस्थान के उदयपुर में आयोजित मिसेज इंडिया दिवा 2025 के ग्रैंड फिनाले में खिताब जीता।

♦इस प्रतियोगिता का आयोजन दिवा ब्यूटी पेजेंट द्वारा किया गया था

♦इस राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न हिस्सों से 3,500 से अधिक प्रतिभागियों ने आवेदन किया, जिनमें से 32 फाइनलिस्ट को अंतिम दौर में प्रतिस्पर्धा करने के लिए चुना गया।

**68. राजस्थान में किस जिले के राजेश पांचाल को देश के तीसरे सर्वोच्च वीरता पुरस्कार शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया?**

**(A) बांसवाड़ा**

**(B) जोधपुर**

**(C) अजमेर**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:-**

♦ राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के वीर सपूत और सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट राजेश पांचाल को नक्सलियों के खिलाफ मुठभेड़ में दिखाए गए अद्भुत साहस और कर्तव्यनिष्ठा के लिए देश के तीसरे सर्वोच्च वीरता पुरस्कार शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।

♦उन्हें यह सम्मान गुरुवार को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया।

GK Search Engine

**69. राजस्थान के जयपुर में आयोजित 'मिसेज राजस्थान 2025 का खिताब किसने जीता है?**

(a) राधिका शर्मा

(b) निधि शर्मा

(c) वर्षा चौधरी

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦ जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में 'मिसेज राजस्थान 2025' का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया।

♦ फ्यूजन ग्रुप और होटल ग्रैंड सफारी के सहयोग से आयोजित इस सौंदर्य प्रतियोगिता के आठवें संस्करण में राज्यभर से आई 735 प्रतिभागियों में से चुनी गईं टॉप 18 फाइनलिस्ट ने मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया

♦मिसेज राजस्थान 2025 ग्रैंड फिनाले – निधि शर्मा बनीं

♦फर्स्ट रनरअप: ललिता नेहरा, सेकंड रनरअप: वैदेही जोशी

थर्ड रनरअप: सरोज धायल

**70. आध्यात्मिक क्षेत्र पर्यावरण संस्थान, जोधपुर द्वारा भारतीय सेना में किसे 38वें वृक्ष बंधु पुरस्कार प्रदान किया जाएगा ?**

(a) एमएल गर्ग

(b) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह

(c) तनुश्री पारीक

(d) इनमें से कोई नही

**Important fact**

♦ हाल ही में 38वें वृक्ष बंधु पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है।

♦1 साल में 4.5 लाख पौधे लगाने पर बीएसएफ आईजी एमएल गर्ग को वृक्ष बंधु पुरस्कार दिया जाएगा।

♦वृक्ष बंधु पुरस्कार आध्यात्मिक क्षेत्र पर्यावरण संस्थान जोधपुर द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को दिया जाता है, इस वर्ष 37 पर्यावरण प्रेमियों का सम्मान किया जाएगा।

♦विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को वृक्ष बंधु पुरस्कार समारोह में यह पुरस्कार दिए जाएंगे

GK Search Engine

**71. विश्व संगीत दिवस की पूर्व संध्या पर राजस्थान की कितनी विभूतियों को मरुधरा गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा?**

(A) 11
(B) 10
(C) 09
(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:-**

♦विश्व संगीत दिवस की पूर्व संध्या पर 20 जून को मरुधरा लोक कला संगीत और सेवा संस्थान द्वारा 11 विभूतियों को मरुधरा गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

♦संस्थान की अध्यक्ष डॉ. स्वाति शर्मा ने बताया कि सम्मानित किए जाने वाले चार लोगों में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभाएं शामिल है, जिनमें पद्मश्री से सम्मानित डॉ. नारायण सिंह माणकलाव, मोइनुद्दीन खान, अनवर खान और शीन काफ़ निजाम का नाम शामिल है,

♦जबकि टेलीविजन और फिल्मों के जरिए लोक गीतों और लोक नृत्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने वाली प्रतिभाएं भी सम्मानित होगी।

**72. ग्रीन ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतर काम करने पर किसे "अचीवर ऑफ द ईयर" अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है ?**

(a) RPSC
(b) RICO
(c) RCDF
(d) इनमें से कोई नही

**Important fact**

♦ ग्रीन ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतर काम करने पर राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन (RCDF) को "अचीवर ऑफ द ईयर" अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

♦यह अवॉर्ड आरसीडीएफ की प्रशासक और प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज को ग्रीन एनर्जी कांक्लेव-2025 के समारोह में 7 जून को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की ओर से दिया गया।

♦श्रुति भारद्वाज को यह अवार्ड उनके नेतृत्व में आरसीडीएफ को वित्तीय वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 400 करोड़ से अधिक का लाभअर्जित करने, टर्नओवर 10,000 करोड़ तक पहुंचने और ग्रीन ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है।

Gk Search Engine

73. अंतर्राष्ट्रीय गीता ओलिंपियाड - 2025 में राजस्थान के जोधपुर की डॉ. मीनाक्षी सोनी ने कौनसा स्थान प्राप्त किया?

(A) द्वितीय

(B) चतुर्थ

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

Important Facts:-

♦ जयपुर के जगतपुरा स्थित गुप्त वृंदावन धाम की ओर से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता ओलिंपियाड - 2025 के विजेताओं को अवॉर्ड दिए गए।

♦इस गीता ओलिंपियाड में 10 देशों के 50 शहरों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें अमेरिका, यूरोप, मध्य-पूर्व, एशिया और ऑस्ट्रेलिया के प्रतिभागी शामिल थे।

♦इसमें आंध्र प्रदेश की अनुषा कर्नूल ने 95 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान राजस्थान के जोधपुर की डॉ. मीनाक्षी सोनी ने 91.5% अंकों के साथ प्राप्त किया।

74. राजस्थान से किसे नई दिल्ली में आयोजित होने वाले योग महाकुंभ एवं योग कॉन्क्लेव में आदियोगी योग भूषण अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा?

(A) पूजा राजपुरोहित

(B) सौम्या गुर्जर

(C) रूमा देवी

(D) इनमें से कोई नही

Important Facts:-

♦ राजस्थान की योग प्रशिक्षिका पूजा राजपुरोहित को अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ द्वारा नई दिल्ली में आयोजित होने वाले योग महाकुंभ एवं योग कॉन्क्लेव में आदियोगी योग भूषण अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा

♦पूजा राजपुरोहित का संबंध राजस्थान के बाड़मेर जिले से है

♦योग महाकुंभ एवं योग कॉन्क्लेव का आयोजन नई दिल्ली में 15 जून को किया जाएगा

GK Search Engine

**75. राजस्थान के किस विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा A+ ग्रेड प्रदान किया गया है?**

**(a) महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर**

**(b) मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर**

**(c) राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर**

**(d) इनमें से कोई नही**

Important fact

**♦ जयपुर स्थित राजस्थान विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा A+ ग्रेड प्रदान किया गया है।**

**♦नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (NAAC) भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था है, जो उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन और मान्यता प्रदान करती है। यह ग्रेडिंग प्रणाली शैक्षणिक, प्रशासनिक, अनुसंधान, नवाचार, छात्रों के लिए सुविधाएं और समग्र गुणवत्ता जैसे कई मापदंडों के आधार पर तय की जाती है।**

**♦"राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की कुलगुरु प्रोफेसर अल्पना कटेजा**

GK Search Engine